# भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा सिरसा

वर्ष 1975 से जिला सिरसा में रैडक्रॉस सोसायटी का गठन किया गया, तभी से यह संस्था दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ कार्य कर रही है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य जख्मी व बीमार व्यक्तियों की सहायतार्थ, अस्पताल कल्याण, सैनिकों को राहत पहुंचाना, मातृ एवं शिशु कल्याण, परिवार नियोजन कार्यक्रम, रक्तसंचार सेवाएं व प्राकृतिक आपदा आने पर राहत प्रदान करना है।

यह संस्था मान्नीय उपायुक्त महोदय सिरसा के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत है। इस संस्था की वर्ष 2025–26 (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) की उपलब्धियाँ इस प्रकार हैः–

1.रक्तदान सेवाएंः–

रक्तदान के क्षत्र में पूरे हरियाणा में सिरसा जिला प्रथम अथवा द्वितीय स्थान पर रहा है। इस वर्ष संस्था द्वारा 258 रक्तदान शिविरों का आयोजन करके कुल 13578 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिरसा जिला पहला ऐसा जिला है जहाँ पर रक्त देने पर उसके बदले में रक्त नहीं लिया जाता।






## 2.अस्पताल कल्याण अनुभाग सिरसा:

अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा निम्नलिखित 3 हैल्थ चैक–अप कैम्पों का आयोजन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है :–

| Sr.No. | Date | Place of Camp | TOTAL PATIENT |
|---|---|---|---|
| 1- | 22-06-2025 | Ch.Devi Lal Park, Barnala Road, Sirsa | 80 |
| 2- | 21-08-2025 | Shri Yuvak Sahitya Sadan Sirsa (Eye Check up Camp) | 70 |
| 3- | 02-11-2025 | Ch.Devi Lal Park, Barnala Road, Sirsa | 80 |

इन शिविरों में निःशुल्क ओ.पी.डी, के साथ–साथ शूगर व ई.सी.जी.टैस्ट की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गई।





3.प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या प्रशिक्षण :

संस्था द्वारा विद्यालयों, फक्ट्रियों, शैक्षणिक एवं व्यवसायिक संस्थानों में प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में इस वर्ष संस्था द्वारा रैडक्रॉस कार्यालय में कण्डक्टर श्रेणी के 1275 व्यक्तियों, उद्योगों में 27 व्यक्तियों, विद्यालयों की बसों के 8 चालकों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 24 व्यक्तियों को सी.पी.आर.ट्रेनिंग तथा विद्यालयों में 90 छात्र/छात्राओं को प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

4.वाहन चालक लाईसैंस के लिए एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग :

संस्था द्वारा वाहन चालक बनवाने वाले इच्छुक व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है तथा जिला के 17674 व्यक्तियों को एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट–एड–ट्रेनिंग प्रदान की गई।

5.मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में परिवार नियोजन केन्द्र व मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र चलाया जा रहा है । इस केन्द्र में गर्भवती महिलाओं व नवजात बच्चों को टीकाकरण की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। केन्द्र द्वारा वित्त वर्ष 2025–26 में 2760 कण्डोम, 331 खाने की गोलियां वितरित की गई तथा 44 कॉपर–टी व 37 Sterlizationके केस करवाए गए। इसके अतिरिक्त 60 टैटनस टॉक्साईड Mother, 113 टैटनस टॉक्साईड Children, 263 डी.पी.टी., 438 पैन्टा इन्जैक्शन, 231 विटामिन–ए सोलुशन, 438 Rotavirus Drops, 438 OPV Drops, 439 IPV Injection, 439 PCV Injection व 261 MR Injection बच्चों व महिलाओं को निशुल्क लगाए गए।



6. प्राकतिक आपदा कोष

संस्था द्वारा प्राकृतिक आपदा कोष के नाम से अलग से बैंक में बचत खाता खोला हुआ है। इस कोष से किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय तुरन्त सहायता प्रदान की जाती है।

7.टी.आई. प्रोजैक्ट

हरियाणा राज्य एड्ज कन्ट्रोल सोसायटी के अर्न्तगत जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा जिला सिरसा में टी.आई.प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट में 3 प्रकार का वर्गीकरण है, जैसे:–

1. FSW (Female Sex Worker)
2. इंजैक्शन द्वारा नशा करना IDU's(Injecting Drug User)
3. आदमी द्वारा आदमी से संबंध MSM(Male having sex to male)

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य लोगों को एच.आई.वी. के बारे में जागरूक करना है।

8. टी.बी. प्रोजैक्ट

राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से टी.बी.प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट में चार वालंटियर की नियुक्ति की हुई है जो भिन्न–2 खण्डों से टी.बी. से पीड़ित रोगियों की पहचान करके उन्हें ईलाज के लिए प्रेरित करके सामान्य अस्पताल सिरसा में भेज रहे हैं।

इस वित्त वर्ष में दिनांक 25.07.2025 को संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ''पंचायती पैलेस गांव सूचान (जिला सिरसा)'' में ''क्षय रोग एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर'' का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डा0 प्रतीक गोयल, जिला क्षय रोग अधिकारी, सिरसा द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 105 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई तथा रोगियों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया।




अन्य कार्यः–

1. रैडक्रॉस के जन्मदाता सर जीन हैनरी ड्यूना के जन्म दिवस पर भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार 8 मई, 2025 को संस्था द्वारा सामान्य अस्पताल सिरसा के प्रसूति वार्ड में गर्भवती महिलाओं में फल वितरित किए गए तथा सामान्य अस्पताल सिरसा के ब्लड बैंक में रैडक्रॉस के वालंटियर्ज द्वारा रक्तदान किया गया।







2. ''विश्व पर्यावरण दिवस'' के अवसर पर 5 जून, 2025 को सामुदायिक केन्द्र बरनाला रोड़ सिरसा में पौधारोपण किया गया।



3. 8 जुलाई से 14 जुलाई, 2025 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरसा के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा की शाखा सैंट जॉन एम्बुलैंस (इण्डिया) द्वारा हरियाणा रोडवेज सिरसा की कार्यशाला में चालकों –परिचालकों, ऑटो ड्राईवर्ज तथा सरकारी व प्राईवेट विद्यालयों में बेसिक प्राथमिक सहायता व सी.पी.आर. का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 'रोड रूल्ज लाईफ टूल्ज' के तहत संस्था के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी तथा प्राथमिक सहायता प्रवक्ता श्री गुरचरण सिंह द्वारा चालकों, परिचालकों व ऑटो ड्राईवर्ज को बेसिक प्राथमिक सहायता व सी.पी.आर. विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । उन्होंने रक्त स्त्राव को रोकने की विधियां, फ्रैक्चर, कृत्रिम सांस, बेहोशी, सदमा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों का उपयोग करके डॉक्टरी सहायता मिलने तक रोगी का जीवन बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सिरसा व रानियां के 8 विद्यालयों रा0व0मा0वि0 नटार, वी.एन.सीनियर सकैण्डरी स्कूल रानियां, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां, बी.आर.ग्लोबल स्कूल सिरसा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानियां, दिल्ली पब्लिक स्कूल सिरसा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाजेकां तथा जीनियस सीनियर सकैण्डरी स्कूल रानियां में कुल 1700 विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ को बेसिक प्राथमिक सहायता व सी.पी.आर. का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।






4. जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा 21 जुलाई, 2026 को ''बाबा बिहारी नेत्रालय सिरसा'' के सहयोग से रैडक्रॉस भवन परिसर, रानियां बाजार सिरसा में ''नेत्र जाँच शिविर'' का आयोजन किया गया जिसमें 150 नेत्र रोगियों की जाँच की गई। शिविर में जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मे वितरित की गई। शिविर के दौरान 20 रोगी आप्रेशन योग्य पाए गए।




# रैडक्रॉस भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



नेत्र जांच करते विशेषज्ञ।

सिरसा, 21 जुलाई (स.ह.) उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी के प्रधान शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को बाबा बिहारी नेत्रालय के सहयोग से स्थानीय रानियां बाजार स्थित रैडक्रॉस भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि मानवता की सेवा में तत्पर आयोजित किए नेत्र जांच शिविर में आज 150 नेत्र रोगियों की जांच की गई तथा मौके पर जरूरतमंद व्यक्तियों को दवाइयां व चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए।

इस शिविर के दौरान 20 रोगी ऑप्रेशन के योग्य पाए गए जिनका बाबा बिहारी नेत्रालय सिरसा में निःशुल्क ऑप्रेशन किया जाएगा। शिविर में बाबा बिहारी नेत्रालय के चिकित्सक डॉ. अमनदीप अरोड़ा, जी.एन.एम. ममता, फार्मासिस्ट यशिका व राकेश, रिसैप्शनिस्ट आध्या द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में बाबा बिहारी नेत्रालय के चेयरमैन प्रवीण बागला तथा रैडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह, उप अधीक्षक पवन राणा, लिपिक अजीत सिंह, राज रानी, ममता, रिंपी व सुशील कुमार भी उपस्थित थे।

5. ''हर घर तिरंगा अभियान'' के तहत संस्था द्वारा 13.08.2025 को सिरसा शहर के भिन्न–2 बाजारों में ''पैदल तिरंगा यात्रा'' निकाली गई। इस पैदल तिरंगा यात्रा में लोगों को नशामुक्ति के प्रति भी जागरूक किया गया।




# रैडक्रॉस ने निकाली तिरंगा रैली

सिरसा, 13 अगस्त (स.ह): जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा बुधवार को सिरसा शहर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली गई।

जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम भी करेगा। हर भारतवासी को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इस रैली के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।



*तिरंगा रैली निकालते बच्चे।*

इस अवसर पर रैडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह, उप अधीक्षक पवन राणा, टीआई प्रोजैक्ट की इंचार्ज राज रानी, अजीत सिंह तथा प्रोफैशनल फर्स्ट-एड-ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थी व टीआई प्रोजैक्ट का स्टाफ भी उपस्थित था।

6. इस वित्त वर्ष में संस्था द्वारा निम्नलिखित नशामुक्ति सैमीनार का आयोजन किया गया:–

| दिनांक | स्थान |
|---|---|
| 04.04.2025 | जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को ''जिला स्तरीय नशामुक्ति जागरूकता अभियान'' चलाया जाता है। इसी कड़ी में रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में प्रोफैशनल फर्स्ट–एड ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को जिला सिरसा को नशामुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। |
| 25.04.2025 | संस्था द्वारा पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में नशामुक्ति जागरूकता सैमीनार का आयोजन किया गया। |

| | |
|---|---|
| 07.11.2025 | जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा रैडक्रॉस भवन में कण्डक्टर श्रेणी के लिए प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को ''नशामुक्ति जागरूकता अभियान'' के तहत नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। |
| 15.12.2025 | –सम– |
| 02.01.2026 | –सम– |
| 27.01.2026 | संस्था द्वारा पी.एन.बी.ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में भिन्न–2 गांवों से ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं को बेसिक प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ नशामुक्ति के प्रति भी जागरूक किया गया। |
| 30.03.2026 | भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से आज एक दिवसीय ''जिला स्तरीय नशामुक्ति सेमिनार'' का आयोजन ''राजकीय महाविद्यालय कालांवाली'' में आयोजित किया गया। सैमीनार में लगभग 400 छात्र–छात्राओं व कालेज स्टाफ ने भाग लिया। |






7. भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ से प्राप्त रिलीफ पैकिंग किट, मसाला किट तथा अन्य सामग्री दिनांक 13 व 14 सितम्बर 2025 को श्री सतीश चन्द्र दूबे, राज्य मंत्री, कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा जिला सिरसा के गांव मोरीवाला, पनिहारी, फरवाई खुर्द, फरवाई कलां, नेजाडेला कलां, रूपावास, शाहपुरिया, नेजियाखेड़ा, गुडियाखेड़ा, रामपुरा ढिल्लो, शक्कर मन्दोरी के बाढ़ पीड़ितों में वितरित की गई।





8. भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा पाँच दिवसीय ''जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैम्प'' डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल सिरसा में 15 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक

आयोजित किया गया जिसमें जिला के 12 विद्यालयों के कुल 117 छात्र–छात्राओं व काउंसलरों ने भाग लिया।






9. भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार संस्था द्वारा दिनांक 13.11.2025 से 17.11.2025 तक सी.पी.आर.जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसके तहत जिला सिरसा के भिन्न–2 शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं, आशा वर्करज, स्टाफ नर्स, आंगनवाड़ी वर्करज व पुलिस कर्मियों को सी.पी.आर. व प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

13 अक्तूबर को पुलिस लाईन सिरसा में पुलिस लाईन सिरसा में पुलिस कर्मियों, होम गार्डस, डायल 112 टीम, राईडर्स व ई.वी.आर. को सी.पी.आर. व प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया गया।

इसी प्रकार 14 अक्तूबर को डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल सिरसा, 15 अक्तूबर को लार्ड शिवा स्कूल ऑफ नर्सिंग सिरसा, रैडक्रॉस कार्यालय रानियां बाजार सिरसा, 16 अक्तूबर को जे.सी.डी.मेमोरियल कॉलेज सिरसा, राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा तथा 17 अक्तूबर को सी.एच.सी.ऐलनाबाद व जनता गर्ल्ज कॉलेज ऐलनाबाद में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रकार 300 से अधिक छात्र–छात्राओं, पुलिस कर्मियों, आंगनवाड़ी वर्करों, स्टाफ नर्स व आशा वर्करों को सी.पी.आर.जागरूकता सप्ताह का लाभ प्राप्त हुआ।








## यातायात पुलिस डबवाली व डायल 112 आपात स्थिति में घायलों की बनेगी सहारा

### रेडक्रॉस सोसायटी के चिकित्सकों ने पुलिस कर्मियों को दिया प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर प्रशिक्षण



डबवाली(लहू की लौ)पुलिस की संवेदनशीलता और जनसेवा का एक नया उदाहरण देखने को मिला, जब यातायात पुलिस डबवाली, कालांवाली व डायल 112 की टीमों को रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा की ओर से प्राथमिक चिकित्सा सहायता और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

असिस्टेंट सेक्रेटरी रेडक्रॉस सोसायटी गुरमीत सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पुलिस कर्मियों को सड़क हादसों, हार्ट अटैक व अन्य आपात स्थितियों में घायलों को प्राथमिक उपचार देने के तरीके सिखाए गए।

गुरमीत सिंह ने बताया कि हाल के वर्षों में हार्ट अटैक के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में आमजन की तरह पुलिस कर्मियों को भी सीपीआर का प्रशिक्षण मिलना बेहद जरूरी है, ताकि वे मौके पर ही जीवनरक्षक कदम उठा सकें। उन्होंने कहा कि सीपीआर देते समय पीड़ित की छाती को 5-6 सेंटीमीटर गहराई तक दबाना चाहिए और यह प्रक्रिया एक मिनट में 100 से 120 बार दोहरानी चाहिए। समय पर सीपीआर देने से मरीज की जान बचने की संभावना दोगुनी हो जाती है।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को बताया गया कि किसी भी दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति में सबसे पहले घायल की स्थिति को परखें। सांस या धड़कन न मिलने पर तुरंत एंबुलेंस बुलाकर सीपीआर शुरू करें। घाव पर साफ कपड़ा या पट्टी बांधें, जलने की स्थिति में जली जगह को ठंडे पानी में रखें और टूथपेस्ट या बर्फ का प्रयोग न करें। हड्डी टूटने पर मरीज को हिलाने की कोशिश न करें और तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।

गुरमीत सिंह ने कहा कि फर्स्ट एड जीवन के लिए वरदान है। हर व्यक्ति को सीपीआर और रक्तस्राव रोकने जैसी बुनियादी जानकारी होनी चाहिए, ताकि किसी की जान बचाई जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस व डायल 112 के अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रेडक्रॉस सोसायटी का आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से ड्यूटी के दौरान किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने की क्षमता बढ़ती है।

## यातायात पुलिस व डायल 112 बनेगी आपात स्थिति में घायलों का सहारा



डबवाली, 13 अक्टूबर (जगदीश प्रजापति): प्रभावी गश्त व अपराधों की रोकथाम में कदम बढ़ाते हुए चल रही डबवाली पुलिस संवेदनशीलता व अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रही है। जिसके तहत आपातकालीन सेवाओं के तहत आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। आपातकालीन सेवाओं में सड़क दुर्घटना में घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने में दक्षता प्राप्त करने की ओर कदम बढ़ाते हुए यातायात पुलिस डबवाली व डायल 112, दुर्गा शक्ति की टीमों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। सड़क दुर्घटना, हृदयघात एवं अन्य किसी भी चिकित्सीय आकस्मिकता के दौरान पुलिस कर्मियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। यातायात पुलिस कालांवाली व डबवाली में आयोजित शिविर में असिस्टेंट सैक्रेटरी रेडक्रास सोसायटी सिरसा गुरमीत सिंह के निर्देशन में पुलिस कर्मियों ने सीपीआर संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान असिस्टेंट सैक्रेटरी गुरमीत सिंह ने उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को बताया कि विगत कुछ समय से हार्ट अटैक के मामले में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए आपात स्थिति में हार्ट अटैक के मरीज की जान बचाने हेतु अधिक से अधिक लोगों को सीपीआर देने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसी तारतम्य में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी किसी भी व्यक्ति या परिजन को हार्ट अटैक आने पर जान बचाने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि सीपीआर देते समय पीड़ित की 5-6 सेंटीमीटर छाती दबना चाहिए और 1 मिनिट में 100 से 120 बार पुश करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक आने पर पीड़ित व्यक्ति को तत्काल सीपीआर देने से उसकी जान बचने की संभावना लगभग दोगुनी हो जाती है।

**फर्स्ट एड देते समय ध्यान रखने योग्य बातें :**

सबसे पहले घायल की स्थिति को पहचानें। यदि सांस, पल्या या धड़कन नहीं है तो तुरंत एम्बुलेंस बुलाएं, और सीपीआर शुरू करें। साफ कपड़े या पट्टी से घाव को कसकर बांधे और उसे ऊँचाई पर रखें। जलने की स्थिति में जली हुई जगह को 10-15 मिनट तक ठंडे पानी में रखें। बर्फ या टूथ पेस्ट का उपयोग न करें। हड्डी टूटने पर मरीज को हिलाने की कोशिश न करें। हड्डी को स्थिर रखें और डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें। दिल का दौरा पड़ने पर मरीज को आरामदायक स्थिति में बैठाएं, कपड़े ढीले करें, आवश्यक दवा दिलवाएं और तुरंत मेडिकल सहायता बुलाएं। यदि मरीज बेहोश हो जाए तो सीपीआर प्रारंभ करें। सीपीआर एक जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा पद्धति है, जो तब दी जाती है जब व्यक्ति सांस लेना बंद कर दे या हृदय की धड़कन रुक जाए। समय पर किया गया सीपीआर किसी की जान बचा सकता है और मस्तिष्क को स्थायी क्षति से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि समय पर दी गई फस्ट एड जीवन के लिए वरदान है। हर व्यक्ति को सीपीआर और रक्तस्राव रोकने जैसी बुनियादी जानकारी होनी चाहिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरी लगन के साथ प्राथमिक सहायता व सीपीआर संबधी जानकारी हासिल की और रेटक्रास सोसायटी प्रशिक्षण देने के लिए आभार व्यक्त किया।

10- जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा दिनांक 26.11.2025 को रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा में ''संविधान दिवस'' मनाया गया।

11- जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारण सिरसा के सहयोग से 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक **''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के तहत जागरूकता कार्यक्रमों** का आयोजन भिन्न–2 संस्थानों में किया गया जिसमें यातायात नियमों का पालन करने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा बेसिक प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण व सी.पी. आर. का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

| दिनांक | संस्थान का नाम |
|---|---|
| 08.01.2026 | रैडक्रॉस भवन, रानियां बाजार, सिरसा। |
| 11.01.2026 | बी.एस.के.कॉलेज ऑफ एजुकेशन डबवाली। |
| 11.01.2026 | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्प |

| | |
|---|---|
| 12.01.2026 | नैशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा |
| 15.01.2026 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा(आर.टी.ए.कार्यालय के स्टाफ सहित। |
| 21.01.2026 | जे.सी.डी.मैमोरियल कॉलेज, सिरसा |
| 21.01.2026 | रैडक्रॉस भवन रानियां बाजार सिरसा |
| 29.01.2026 | सी.एम.के.नैशनल पी.जी.कॉलेज सिरसा |

पल पल — प्रादेशिक

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**पल पल न्यूज: सिरसा, 15 जनवरी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय के सहयोग से स्थानीय रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत आमजन को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी द्वारा प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों का पालन न करना है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलवाई। कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सहायक सचिव राकेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी भी गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा ना ही शराब पीकर गाड़ी चलाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि आजकल धुंध का मौसम है इसलिए गाड़ी पर पीली लाईट तथा गाड़ियों पर रिफलैक्टर भी लगवाना सुनिश्चित करें ताकि हम सुरक्षित यात्रा कर सकें। इस अवसर पर कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारण के ट्रांसपोर्ट सब इंसपैक्टर नरेन्द हुड्डा, सुनैना, ख्वाहिश, प्रोमिला तथा रेडक्रॉस की प्राथमिक सहायता प्रवक्ता संतोष रानी, टैक्नीकिल को-ओर्डिनेटर रजत बंसल व अजीत सिंह भी उपस्थित थे।

# सुरक्षित समाज के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण आवश्यकः डॉ. जयप्रकाश

## जेसीडी मेमोरियल कॉलेज में लगाया प्राथमिक चिकित्सा शिविर



**सिरसा।** जेसीडी मेमोरियल कॉलेज में फर्स्ट एड के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एनएसएस, एनसीसी, वाईआरसी एवं स्पोर्ट्स विभाग ने एक प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में रेडक्रॉस सोसाइटी के सहायक सचिव गुरमीत सैनी मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा कौशल के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी, जिनमें दुर्घटनाओं से बचाव, आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सुरक्षित व्यवहार पर विशेष जोर दिया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रंजीत सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. अमरीक गिल तथा वाईआरसी प्रभारी डॉ. प्रगति राठी और डॉ. निधि सैनी की देखरेख में आयोजित किया गया। महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने इस प्राथमिक चिकित्सा शिविर के आयोजन के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में चिकित्सकीय सहायता के पहुंचने से पहले प्राथमिक उपचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को सामान्य चोटों एवं आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है, जिससे समाज अधिक सुरक्षित और जिम्मेदार बन सके। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग तथा सड़क पर सतर्कता से ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक बनें, सुरक्षित ड्राइविंग की आदत डालें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस दौरान फर्स्ट एड के साथ-साथ हृदय संबंधी आपात स्थितियों में सीपीआर का प्रदर्शन किया गया। साथ ही रक्तस्राव रोकने, घावों पर सही तरीके से पट्टी करने तथा संक्रमण से बचाव की जानकारी दी गई। रोड सेफ्टी के अंतर्गत यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार तथा आपदा प्रबंधन के तहत भूकंप, आग अथवा अन्य आपात परिस्थितियों में सुरक्षित व्यवहार और त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने प्रशिक्षित विशेषज्ञों की देखरेख में डमी व साथी प्रतिभागियों पर अभ्यास किया।

प्राचार्य प्रो. रंजीत सिंह ने जिला रेडक्रॉस की टीम का आभार व्यक्त किया।

12. भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चण्डीगढ. के निर्देशानुसार व उपायुक्त सिरसा के मार्गदर्शन में जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा द्वारा आज 23 फरवरी से 27 फरवरी,2026 तक''जिला स्तरीय यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर'' का आयोजन 'नैशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा' में किया गया। इस पाँच दिवसीय *'जिला यूथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर'* में जिला सिरसा के 14 महाविद्यालयों से आए हुए 107 छात्र/छात्राएं व काउंसलर तथा 15 वालंटियर तथा रैडक्रॉस स्टॉफ ने भाग लिया।






13. संस्था द्वारा दिनांक 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर रैडक्रॉस की गतिविधियों से संबंधित झांकी का प्रदर्शन '' शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा'' में किया गया।




14. रात्रि में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, नजदीक सालासर मन्दि सिरसा में खुले में सो रहे लोगों को सर्दियों से बचाव के लिए संस्था द्वारा 140 कम्बल वितरित किए गए।



15. भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार संस्था द्वारा कुष्ठ आश्रम सिरसा में 11 परिवार तथा कुष्ठ आश्रम डबवाली में 15 कुष्ट रोगियों के परिवारो को 30 जनवरी 2026 को ''कुष्ठ रोग दिवस'' के अवसर पर 26 कम्बल, 26 किचन सैट, 26 बाल्टियां व 26 मग प्रदान किए गए।



सचिव,
जिला रैडक्रॉस सोसायटी,सिरसा।